खा

ष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें । प्रत्येक प्रश्न अंकों का है ।

5 × 2 = 10

काशी संस्कृ ठशाला है । शास्त्रों में आनंदकानन से प्रतिष्ठित । काशी में संगीत क प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा , यह आयोजन पिछले कई द चन मंदिर में होता आया है । जन में उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ अ थे । बिस्मिल्ला खाँ का मतलब – ाँ की शहनाई । शहनाई का ता मल्ला खाँ का हाथ । काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ का जैसा लय और सुर की तमीज सिखाने वाला नायाब हीरा रहा जो हमेशा से दो कौमों को एक होने में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा दे ।

काशी क्या है ?

(ii) काशी में किसकी एक प्राचीन अद्भूत परंपरा रही है ?

(iii) किस आयोजन में उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते थे ?

(iv) बिस्मिल्ला मतलब क्या है ?

(v) उ बिस्मिल्ला खाँ किसकी प्रेरणा

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 - 250 शब्दों में निबंध लिखें : 1 × 10 = 10

(i) पुस्तकालय

(ii) समाज सेवा

(iii) सांप्रदायिक सद्भावना

(iv) देशाटन से लाभ ।

3. अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को तीन दिन के अवकाश हेतु एक आवेदन पत्र लिखें । 5

अथवा

दुकानदार और ग्राहक के बीच होनेवाले संवाद को लिखें ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें : 5 × 2 = 10

(i) लोकगीत किसे कहते हैं ?

(ii) भगजोगनी का सौंदर्य क्यों नहीं खिल सका ?

(iii) नालंदा में किन पाँच विषयों की शिक्षा अनिवार्य थी ?

(iv) लक्ष्मीनारायण सुधांशु का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

(v) कवि रैदास ने अपने ईश्वर को किन-किन नामों से पुकारा है ?

(vi) कवि रंझन ने सच्चे प्रेम की क्या कसौटी बताई है ?

(vii) कवि गुरु गोविंद सिंह ने मानवीय संवेदना को मनुष्यता के किस डोर में बाँधे रखने की बात कही है ?

(viii) बिहार राज्य के कुछ प्रसिद्ध लोकगायकों के नाम लिखें ।

(ix) 'वर्णरत्नाकर' ग्रंथ के रचनाकार कौन हैं और वे किस राजा के दरबारी आचार्य थे ?

(x) तारानाथ कौन थे ? उन्होंने नालंदा को किसकी जन्मभूमि बताया है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दें ( शब्द-सीमा लगभग **100** ) : *1 × 5 = 5*

(i) भगजोगनी का दूसरा वर्तमान नवयुवक पति उसका ही सौतेला बेटा है - यह घटना समाज की किस बुराई की ओर संकेत करती है और क्यों ?

(ii) लोकगीतों के प्रमुख भेदों का परिचय दें ।

(iii) भाव स्पष्ट करें -

''एक ही सेव सबही को गुरुदेव एक,

एक ही सरूप सबै, एकै जोत जानबो ।''

(iv) भक्त कवि तुलसी के राम का परिचय दीजिए ।

# 9th Hindi Subjective

**1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 - 250 शब्दों में निबंध लिखें . - 1 x 10 = 10**

(i) **पुस्तकालय:-**

Answer:

पुस्तकालय हमारे जीवन का अभिन्न अंग होते है क्योंकि पुस्तकालय में हम शांतिपूर्वक विभिन्न ज्ञानवर्धक किताबें पढ़कर ज्ञान का अर्जन कर सकते है जो कि हमारे जीवन को खुशहाल बनाता है और हमें सोचने समझने की शक्ति भी प्रदान करता है.

पुस्तकालय की भूमिका मानव जीवन में प्राचीन काल से ही रही है क्योंकि प्राचीन काल में प्रिंटिंग मशीन नहीं होने के कारण हस्तलिखित किताबे ही होती हो थी जिस कारण उनका मूल्य भी अधिक होता था और किताबें भी कम ही उपलब्ध हो पाती थी इसीलिए पुस्तकालय की स्थापना की गई.

पुस्तकालय की स्थापना से जो भी व्यक्ति किताबें पढ़ने का इच्छुक होता था वह पुस्तकालय में जाकर शांत माहौल में किताबें पढ़ सकता था इससे गरीब वर्ग के लोगों को अधिक फायदा हुआ क्योंकि वे लोग अधिक मूल्य की किताबें पढ़ नहीं सकते थे.

एक पुस्तकालय में लगभग सभी प्रकार की पुस्तके जैसे कला, धर्म, जाति, राजनीतिक, विज्ञान, कृषि, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय पुस्तके मिल जानी है जिनकी सहायता से सभी लोग अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकते है कुछ बड़े पुस्तकालयों में अलग-अलग भाषा और प्रांत की पुस्तकें भी उपलब्ध होती है.

**3.अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को तीन दिनों के अवकाश हेतु एक आवेदन पत्र लिखें।**

सेवा में,

प्रधानाध्यापक महोदय,

[आपके विद्यालय का नाम],

[स्थान]।

विषय: तीन दिनों के अवकाश हेतु प्रार्थना-पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं [आपका नाम], कक्षा [कक्षा का नाम/संख्या] का छात्र हूँ। मुझे पारिवारिक कारणवश दिनांक [छुट्टी की प्रारंभ तिथि] से [अंतिम तिथि] तक कुल तीन दिनों का अवकाश आवश्यक है। अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि मुझे उक्त तिथियों में विद्यालय से अवकाश प्रदान करने की कृपा करें।

मैं वादा करता हूँ कि इस अवकाश अवधि के दौरान पढ़ाई में हुई कमी को मैं शीघ्र ही पूरा कर लूँगा।

4.(i) **लोकगीत किसे कहते हैं** ?

लोकगीत एक विशेष समूह के लोगों , संस्कृति या उपसंस्कृति द्वारा साझा की जाने वाली अभिव्यंजक संस्कृति का समूह है। इसमें मौखिक परंपराएँ जैसे कि कहानियाँ , मिथक , किंवदंतियाँ , कहावतें , कविताएँ , चुटकुले और अन्य मौखिक परंपराएँ शामिल हैं।

(ii) **भगजोगनी का सौंदर्य क्यों नहीं खिल सका** ?

भगजोगनी का सौंदर्य इसलिए ना खिल सका, क्योंकि वह बेहद गरीब घर की लड़की थी। उसकी गरीबी का हाल ये था कि वह भोजन को भी तरसती थी। दाने-दाने के लिए मोहताज थी। कपड़े पहनने के नाम पर कमर पर एक चिथड़ा कपड़ा लपेटे रहती थी।

(iii) **नालंदा में किन पाँच विषयों की शिक्षा अनिवार्य थी** ?

नालंदा विश्वविद्यालय में पाँच अनिवार्य विषय थे: शब्द विद्या (व्याकरण), हेतु विद्या (तर्कशास्त्र), चिकित्सा विद्या, शिल्प विद्या, और धर्म और दर्शन (अपनी रुचि के अनुसार). इन विषयों का अध्ययन अनिवार्य रूप से सभी छात्रों के लिए आवश्यक था.

**(iv) लक्ष्मीनारायण सुधांशु का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?**

लक्ष्मी नारायण सुधांशु का जन्म 15 दिसंबर 1906 को पूर्णिया जिले के धमदाहा उपमंडल स्थित रूपसपुर गांव में हुआ था।

**(v) कवि रैदास ने अपने ईश्वर को किन-किन नामों से पुकारा है ?**

कवि रैदास ने अपने ईश्वर को "गुसईया", "गरीब निवाजु", "लाल", "गोबिंद", "हरि", "प्रभु" आदि नामों से पुकारा है. इसके अतिरिक्त, रैदास ने अपने ईश्वर को "राम", "कृष्ण", "करीम", "राघव" आदि नामों से भी संबोधित किया है, यह मानते हुए कि ये सभी एक ही परमेश्वर के विभिन्न नाम हैं. वे यह भी मानते हैं कि वेद, कुरान, पुराण आदि सभी ग्रंथ एक ही परमेश्वर का गुणगान करते हैं.

5. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें (शब्द-सीमा लगभग 100 )** 1 x 5=5

**(i) भगजोगनी का दूसरा वर्तमान नवयुवक पति उसका ही सौतेला बेटा है- यह घटना समाज की किस बुराई की ओर संकेत करती है और क्यों** ?

उत्तर (i):यह घटना समाज में व्याप्त बाल विवाह और जबर्दस्ती विवाह जैसी कुप्रथाओं की ओर संकेत करती है। भगजोगनी का विवाह एक वृद्ध व्यक्ति से कर दिया गया था, जिससे उसकी स्वतंत्रता और इच्छाओं की अवहेलना हुई। जब वही वृद्ध व्यक्ति मर गया और उसका पुत्र भगजोगनी से विवाह करता है, तो यह स्थिति बेहद अस्वाभाविक और दुखद हो जाती है। यह बताता है कि समाज में स्त्री की इच्छा और अधिकारों को दबाकर विवाह जैसे पवित्र संबंधों का मज़ाक बना दिया जाता है। यह कहानी सामाजिक नैतिकता, लिंग समानता, और नारी सम्मान की ज़रूरत को रेखांकित करती है।